प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस
शासकीय हमीदिया महाविद्यालय, भोपाल म.प्र.
Website : https://govhamidiacollege.com/ Ph.-Fax No. 0755-2660447,2660081 Email – heghaaccbho@mp.gov.in

क्रमांक / 2652 / शा.ह.म. / 2024 भोपाल, दिनांक 12/12/24

स्टेशनरी क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण/विज्ञप्ति (सत्र 2024-25)

आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुडा भवन भोपाल के पत्र क्रं. 615/126/आउशि/छा/2024 भोपाल दिनांक 06/07/2024 के परिपालन में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में महाविद्यालय में अध्ययनरत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को नि:शुल्क स्टेशनरी वितरण योजनांतर्गत रू. 500/- प्रति विद्यार्थी की दर से महाविद्यालय में कुल 1055 विद्यार्थियों हेतु स्टेशनरी क्रय किया जाना है। उच्च गुणवत्ता वाली सामग्री विक्रेताओं/प्रदायकर्ताओं से निविदा/भाव पत्र आमंत्रित किये जाते है।

नोट:- निविदा विज्ञप्ति से 22वें दिन 2:30 बजे क्रय समिति द्वारा खोली जाएगी निविदाकर्ता सादर उपस्थित रहें। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यालीन दिवस में निविदा खोली जाएगी।

क्र.	स्टेशनरी सामग्री का विवरण	साइज्
01.	रजिस्टर (200 पेज) 58 GSM	210 mm X 297 mm A4 साईज
02.	रजिस्टर (250 पेज) 58 GSM	210 mm X 297 mm A4 साईज
03.	पेन (बॉलपेन)	
04.	पेन (जेल)	

नियम एवं शर्ते:-

1. इच्छुक निविदाकर्ता अपनी निविदा, निविदा प्रकाशित होने के 21 दिवस तक डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से महाविद्यालय कार्यालय में कार्यलयीन समय में उपस्थित होकर जमा कर सकते है।
2. निविदा के साथ 10000/- (दस हजार रूपये मात्र) का डिमांड ड्राफ्ट प्राचार्य शासकीय हमीदिया कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय भोपाल के नाम से देय होगा।
3. सफल निविदाकर्ता को सामग्री प्रदाय के पश्चात् तत्सम्बधी देयक प्रस्तुत करने पर धरोहर राशि का D.D. लेखा शाखा से वापिस कर दिया जावेगा।
4. असफल निविदाकर्ताओं की धरोहर राशि का D.D. निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् लेखा शाखा से वापिस कर दी जावेगी।
5. सील बंद लिफाफे पर **"एस.सी./एस.टी. विद्यार्थियों के लिये नि:शुल्क स्टेशनरी हेतु निविदा सत्र 2024-25"** अवश्य लिखें।
6. GST पंजीयन आवश्यक है, जिसका निविदा/भाव पत्र में उल्लेख करना अनिवार्य है।

PRINCIPAL

7. सामग्री की नमूना प्रति निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगी, जिसकी गुणवत्ता की जांच क्रय समिति द्वारा की जायेगी। क्रय समिति की अनुशंसा के आधार पर निर्णय लिया जायेगा। महाविद्यालय द्वारा नमूना वापस नहीं किया जायेगा।
8. भंडार क्रय नियम की समस्त शर्तें लागू होंगी जो कि फर्म को मान्य होगी।
9. स्टेशनरी की डिलीवरी सामग्री प्रदायकर्ता को स्वयं के व्यय पर महाविद्यालय ग्रंथालय पहुंचाना आपकी जिम्मेदारी होगी।
10. आदेश में दी गई समय सीमा में स्टेशनरी उपलब्ध कराना एवं देयकों को तीन प्रतियो में भेजना होगा।
11. देयकों का भुगतान ग्लोबल बजट की उपलब्धता होने पर कोषालय द्वारा सीधे प्रदयकर्ता के बैंक खाते में किया जायेगा।
12. वाद विवाद की स्थिति में स्टेशनरी के क्रय संबंधी समस्त अधिकार क्रय समिति संयोजक एवं प्राचार्य के पास सुरक्षित होंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में प्राचार्य का निर्णय अंतिम व सर्वोपरि होगा। समस्त प्रकरणों में न्याय क्षेत्र भोपाल होगा।
13. निविदा आवेदन का प्रारूप शुल्क 500 /- निर्धारित है। महाविद्यालय में उपस्थित होकर आवेदन शुल्क ATM कार्ड द्वारा स्वाइप मशीन के माध्यम से स्वाइप कर मशीन द्वारा प्रदान की गई रसीद की छायाप्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

12.12.24

PRINCIPAL
Govt. Hamidiya Arts And
Commerce College
Bhopal (M.P.)